भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2829
17 दिसंबर, 2025 के लिए प्रश्न

डीएमसी

2829. श्री मलविंदर सिंह कंग:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) पंजाब में क्षति निगरानी प्रकोष्ठों (डीएमसी) की प्रभाग-वार, क्षेत्र-वार और जोनल-वार संगठनात्मक संरचना क्या है;
(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान क्षति के कितने मामलों की जांच की गई है और कितने मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है;
(ग) क्या सरकार द्वारा पंजाब में भंडार की स्थिति की निगरानी और अपव्यय को कम करने के लिए किसी तकनीकी उपकरण का परीक्षण/उपयोग किया जा रहा है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): पंजाब में क्षति निगरानी प्रकोष्ठों (डीएमसी) के संगठनात्मक ढांचे का विवरण निम्नानुसार है:

स्तर	प्रकोष्ठ का गठन
जिला	मंडल कार्यालय: मंडल प्रबंधक प्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रक) प्रयोगशाला प्रबंधक (लेखा) प्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रक), संबंधित डिपो
क्षेत्रीय	क्षेत्रीय कार्यालय: सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रक) और सहायक महाप्रबंधक (लेखा) मंडल कार्यालय: सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रक)
आंचलिक	आंचलिक कार्यालय: सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रक) क्षेत्रीय कार्यालय: सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रक) मंडल कार्यालय: सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रक)

...2/-

(ख): पिछले पांच वर्ष में क्षति के मामलों की संख्या और उन पर की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई का विवरण इस प्रकार है:

वर्ष	क्षति होने के मामलों की संख्या	की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई
2020-21	0	0
2021-22	01	किसी को भी ज़िम्मेदार नहीं ठहराया गया क्योंकि फर्म द्वारा सप्लाई किया गया स्टॉक भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने अस्वीकार कर दिया था।
2022-23	01	भारी बारिश और उसके बाद आई बाढ़ के कारण क्षति हुई। किसी को भी ज़िम्मेदार नहीं ठहराया गया।
2023-24	11	एफसीआई के किसी भी कर्मचारी को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया गया।
2024-25	02	एफसीआई के किसी भी कर्मचारी को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया गया।

(ग) और (घ): विभाग ने प्रयोगशाला की गतिविधियों को वास्तविक समय के आधार पर निगरानी करने के लिए गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) विकसित की है। इस प्रणाली का उद्देश्य परिचालनात्मक नियोजन को बेहतर बनाना, खाद्यान्नों के गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार करना, और खाद्यान्नों की खरीद, संरक्षण और एंड-टू-एंड आपूर्ति श्रृंखला प्रक्रिया में ज़्यादा विश्वसनीयता और सटीकता सुनिश्चित करना है।

*****